# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से प्रदूषण रोकने के लिए किए जा रहे उपायों और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा भी की गई। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में हुई चर्चा के बारे में मीडिया को विस्तार से जानकारी दी।

***जो हमारा एनसीआर क्षेत्र है जिसमें उत्तर प्रदेश के आठ जिले आते हैं, विशेष रूप से नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, हमारे जो मेरठ, बुलंदशहर बड़े जिले हमारे आते हैं। इन जिलों में हमने आज चार पांच विषयों को लेकर के समीक्षा करी। पहला व्हीकल पॉल्यूशन को लेकर, व्हीकल पॉल्यूशन को लेकर जो ओल्ड व्हीकल हैं, उनको निदान किया जाए, नई ईवी पॉलिसी में बसों की हमने समीक्षा करी, उसके साथ ही प्रदूषण सर्टिफिकेट की अनिवार्यता के विषय पर हमने करी, एग्रीगेटर वाहन हैं, उसके बारे में हम लोगों ने चर्चा करी और व्हीकल पॉल्यूशन को लेकर के क्या और प्रभावी कार्य किया जा सकता है, उसकी समीक्षा करी। दूसरा इस क्षेत्र में आने वाला जो इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन है, उसमें हमने देखा है कि 80: इंडस्ट्रीज ने ओशियंस और एपीडी जो हैं, एयर पॉल्यूशन डिवाइस जो हैं, वो लगा ली है, शेष बची हुई इंडस्ट्री के लिए भी कार्य समीक्षा के लिए काम किया जा रहा है। तीसरा जो विषय है डस्ट पॉल्यूशन, तो मैकेनाइज्ड क्लीनिंग के लिए और डीप क्लीनिंग के लिए आज कार्य योजना बनी है, उस पर भी जो कार्यवाही की गई है, उस पर चर्चा की गई है। फिर जो दो नए रूल्स हम लोग लेकर आए हैं, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, उसके लिए ज्यादा से ज्यादा स्टेक होल्डर कंसल्टेशन और उसके कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश में ट्रांसपोर्ट विभाग के द्वारा, अर्बन हाउसिंग सोसाइटी के द्वारा, एनवायरनमेंट मिनिस्ट्री के द्वारा एक स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम को जो बनाने का प्रयास किया गया, उसकी भी चर्चा हम लोगों ने विस्तार से करी है***

**********

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट संशोधन नियम दो हजार छब्बीस अधिसूचित किया है। इसके तहत पंद्रह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जारी छत्तीस पृष्ठों वाला सामान्य पासपोर्ट अब जारी होने की तारीख से पांच वर्ष या बच्चे के अठारह वर्ष की उम्र पूरी होने तक वैध रहेगा। इनमें से जो अवधि पहले पूरी होगी, वही मान्य होगी।

**********

समूचे बृज मंडल सहित मथुरा के बरसाना में श्रीराधारानी का जन्मोत्सव राधाष्टमी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। राधाष्टमी पर्व में शामिल होने के लिए देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु वहां पहुंचे हुए हैं। हमारे मथुरा प्रतिनिधि ने बताया कि कल सुबह चार बजे श्रीराधारानी का पंचामृत से अभिषेक किया जायेगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बरसाना के लाड़ली जी मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर हम 'सेवा संकल्प अभियान' की विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। प्रस्तुत है पीएम स्वनिधि योजना को लेकर एक रिपोर्ट–

***दो हजार बीस में शुरू की गयी पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को अपने कारोबार को बढ़ाने और आगे विस्तार देने में मदद करना है। इस योजना के अन्तर्गत अगस्त 2026 तक 78 लाख से अधिक विक्रेता 19 हजार एक सौ 71 करोड़ रूपये मूल्य से अधिक के ऋण प्राप्त कर चुके थे। वाराणसी जिले के इस योजना के लाभार्थी राज सोनकर बताते हैं–***

***मैंने बैंक से तीन बार लोन लिया था, जिसका हमें बेनिफिट मिला। एक बार 10,000, एक बार 20,000, एक बार 50,000। उससे हमें बेनिफिट मिला था। ठेला–पटरी के लिए यह लोन पास होता है कि आगे अपना व्यवसाय में मदद मिले लोगों को। इसके लिए सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद।***

***एक अध्ययन के अनुसार 2023 से 2025 के बीच औसत वार्षिक कारोबारी आय में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। 95 प्रतिशत लाभार्थियों के लिये स्वनिधि उनका पहला बैंक ऋण था। पीएम स्वनिधि योजना विक्रेताओं को ऋण डिजिटल क्षमता और विकास के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें औपचारिक पहचान वाले स्ट्रीट उद्यमियों के रूप में आगे बढ़ने में मददगार साबित हो रही है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी–नेट जून 2026 परीक्षा के अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षार्थी अपनी उत्तर कुंजी यूजीसी–नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन संख्या और पासवर्ड के जरिए देख सकते हैं।

**********